प्रदेश के हर गाँव व शहर में लगाए जाएंगे ‘माइक्रो एटीएम’

चर्चा में क्यों?

24 फरवरी, 2022 को हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश के करीब 9,500 डिपो में ‘माइक्रो एटीएम’ लगाएगी, ताकि गाँव के लोग भी आवश्यकता अनुसार अपने नज़दीक ही पैसे जमा कर सकें व निकाल सकें। यही नहीं वे बैंक में अपने बैलेंस को भी इसी ‘माइक्रो एटीएम’ के माध्यम से चेक कर सकेंगे।

प्रमुख बिंदु

- दुष्यंत चौटाला ने यह जानकारी खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद दी।
- उपमुख्यमंत्री, जिनके पास खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोत्ता मामले विभाग का प्रभार भी है, ने बताया कि राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश में ऐसी व्यवस्था की जाए, जिससे राशन डिपो के माध्यम से राशन लेने वाले गरीब व्यक्ति ‘पीओएस’ (पॉइंट ऑफ सेल) मशीन के माध्यम से ही अपने राशन की पेमेंट अदा करके एटीएम की तरह अतिरिक्त पैसे भी निकलवा सकें।
- उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में गुरुग्राम, फरीदाबाद, हिसार, करनाल तथा पंचकूला में पायलट तौर पर डिपो पर ‘माइक्रो एटीएम’ लगाई जाएंगी, जिससे राशन कार्ड होल्डरों के अलावा आस-पास के अन्य लोग पैसे निकलवा सकेंगे तथा जमा करवा सकेंगे।
- राज्य सरकार के इस कदम से जहाँ लोगों को सुविधा मिलेगी, वहीं डिपो-होल्डरों को भी बैंक की सहायता करने की एवज में कमीशन मिलेगा, जिससे उनकी आमदनी बढ़ेगी।
- दुष्यंत चौटाला ने कहा कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के राज्य में करीब 9,500 डिपो हैं, जिनके माध्यम से बीपीएल परिवारों को सस्ती दरों पर राशन उपलब्ध करवाया जाता है।
- पारदर्शिता लाने के लिये गरीबों के हित में राज्य सरकार ने ‘पीओएस’ मशीन के माध्यम से पहले राशन वितरण का कार्य शुरू किया था, अब इन्हीं डिपों के माध्यम से ‘माइक्रो एटीएम’ लगाकर लोगों को पैसे के लेन-देन की स्थानीय स्तर पर सुविधा दी जाएगी। डिपो-होल्डरों को पहले उक्त मशीनें चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/micro-atms